भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2612

14 मार्च, 2016 को उत्तर के लिए

ढलवा लोहा उत्पादन

2612. श्री पशुपति नाथ सिंहः

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत ढलवा लौहे का एक महत्वपूर्ण उत्पादक है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में उत्पादित लौह अयस्क का आकलन किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान इसके आयात में कमी आयी है; और

(घ) देश में इसके उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खान एवं इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) : जी हां ।

(ख) एवं (ग) : पिछले तीन वर्षों के दौरान विक्रय के लिए उत्पादित और ढलवां लौह के आयात का विवरण निम्नवत है :

('000टन)

वर्ष	**विक्रय के लिए ढलवां लौह का उत्पादन**	**ढलवां लौह का आयात**
2012-13	6870	21
2013-14	7950	34
2014-15	9694	23

तालिका ढलवां लौह का नगण्य आयात दर्शाती है और पूर्व वर्ष की तुलना में 2014-15 में आयात में 11,000 टन तक की मामूली सी गिरावट हुई ।

(घ) : इस्पात, अविनियमित क्षेत्र है और इसलिए व्यक्तिगत कंपनियों/निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक विचार-विमर्श के आधार पर उत्पाद-मिक्स संबंधी निर्णय लिए जाते हैं । देश में ढलवां लौह के उत्पादन को बढ़ावा देने संबंधी कोई विशेष स्कीम नहीं है ।

******